डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक: Exam/ 269/2023 दिनांक: 02-12-2023

अधिसूचना

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तर के बी॰ए॰, बी॰एस॰सी॰, बी॰कॉम॰ विषम (Odd) प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर तथा परास्नातक स्तर एम॰ए॰, एम॰कॉम॰, एम॰एस॰सी॰, प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर दिसम्बर–2023 की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं के परीक्षा आवेदन पत्र पूरित करने की तिथि निम्नवत् निर्धारित की जाती है। सम्बन्धित छात्र/छात्रायें अपने महाविद्यालय/संस्थान के माध्यम से आन्तरिक अंक निर्धारित तिथि तक आवश्यकरूप से पोर्टल पर अपलोड कराते हुये ऑनलाइन आवेदन पत्र पूरित करना सुनिश्चित करें।

अतिमहत्वपूर्ण : (1) कतिपय महाविद्यालयों द्वारा गत सेमेस्टर परीक्षा के आन्तरिक/प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक अद्यतन अपलोड नही किये गये है, ऐसे महाविद्यालयों के परीक्षा आवेदन पत्र नही खुल सकेगें। अतः आन्तरिक/प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक दिनांक 05.12.2023 तक अपलोड सुनिश्चित करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र पूरित करने की तिथियॉं निम्नवत निर्धारित की जाती है।

(2) निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न होने की स्थिति में बैच स्वतः रिसेट हो जायेगा।

क्र0स0	विषम (Odd) प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षा दिसम्बर–2023	
1.	बी॰ए॰, बी॰एस॰सी॰, बी॰कॉम॰ प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर	
2.	एम॰ए॰, एम॰कॉम॰, एम॰एस॰सी॰, प्रथम, तृतीय सेमेस्टर	
1	बैच बनाकर परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि।	दिनांक 12.12.2023
2	विलम्ब शुल्क रु0 500/– प्रति छात्र के साथ बैच बनाकर परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि।	दिनांक 15.12.2023
3	आन्तरिक अंक अपलोड करते हुये परीक्षा फार्म पूरित किये जाने की अन्तिम तिथि।	दिनांक 20.12.2023
4	प्रवेश पत्र निर्गत किये जाने की सम्भावित तिथि।	दिनांक 28.12.2023
5	परीक्षा आरम्भ होने की प्रस्तावित तिथि।	जनवरी के प्रथम सप्ताह में

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक/विभागाध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान/विभाग, डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा को इस आशय के साथ प्रेषित कि छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र समयान्तर्गत पूरित कराने का कष्ट करें तथा किन्हीं परीक्षार्थियों का कतिपय कारणों से पठन–पाठन पूर्ण नहीं हो पाया हो तो ऐसे परीक्षार्थियों की अतिरिक्त कक्षायें लगाकर पठन–पाठन पूर्ण कराते हुए प्रयोगात्मक परीक्षाओं के पैनल जो कि सम्बन्धित माहविद्यालय के लॉग–इन आई॰डी॰ पर अपलोड किये जा चुके है, में अंकित परीक्षकों से उक्त पाठ्यक्रमों की दिसम्बर 2023 की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक 30.12.2023 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
2. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
3. अधीक्षक, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
4. विश्वविद्यालय जनसम्पर्क अधिकारी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को दैनिक समाचार पत्रों के सभी संस्करणों में विशेष स्थान दिलाते हुए, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. एजेन्सी–2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय के लागईन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र पूरित कराना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक